पंजाब केसरी 18/09/2025

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत जी.एम.एन. कालेज में किया पौधारोपण

अम्बाला, 17 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा कालेज के प्रांगण में एस.डी.जी. क्लब, इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण किया गया।

'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत आयोजित यह पौधारोपण प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन और विभागाध्यक्ष डा. एस.एस. नैन के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर डा. एस.एस. नैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। हमारा यह नैतिक कर्त्तव्य है कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, जिससे पृथ्वी को सुरक्षित रूप प्रदान किया जा सके और हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ रह सके।

इस कार्यक्रम में 75 विद्यार्थियों ने भाग लेकर 63 पौधे लगाए यह। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एस.डी.जी. क्लब, इको क्लब, एन.एस.एस., एन.सी.सी. और यूथ रैडक्रॉस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार, डा. सरोज बाला, डा. तृप्ति शर्मा, डा. अमिता, डा. भारती विज एवं प्रो. लवप्रीत आदि उपस्थित रहे।

जी.एम.एन. कालेज में पौधारोपण करते प्राध्यापक एवं विद्यार्थी। (देवदत्त)